आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 15.04.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित नारी शक्ति वंदन टाउन हॉल सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने वनाग्नि के लिए आपदा की तर्ज पर पूर्वानुमान मॉडल तैयार करने के निर्देश दिए।
- केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी उड़ान योजना के तहत पंतनगर से नौकुचियाताल हेली सेवा का शुभारंभ।
- हरिद्वार जिले में मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने घर पर होने वाले प्रसव के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया।

नारी शक्ति सम्मेलन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में आयोजित नारी शक्ति वंदन टाउन हॉल सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की मातृशक्ति के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

वनाग्नि समीक्षा

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय में वनाग्नि की रोकथाम को लेकर संबंधित विभागों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगे फायर हाइड्रेंट्स के लिए समर्पित दबाव पाइपलाइन व्यवस्था सुनिश्चित करने लिए पेयजल विभाग को शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने वन विभाग को अभियान चलाकर सभी तरह वनाग्नि की रोकथाम से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग, मौसम और वन सर्वेक्षण संस्थान को वनाग्नि के लिए भी आपदा की तर्ज पर पूर्वानुमान मॉडल तैयार करने के भी निर्देश दिए। इससे जंगलों में लगने वाली आग की संभावनाओं का पहले से अनुमान लगाया जा सकेगा और जानमाल के नुकसान को रोकने व कम करने में सहायता मिलेगी। मुख्य सचिव ने जंगलों से पिरूल के निस्तारण और पिरुल ब्रिकेट के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे जहां वनाग्नि को रोकने में सहायता मिलेगी, वहीं वैकल्पिक ईंधन की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

केंद्रीय विद्यालय बैठक

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में आज कोटद्वार के किशनपुरी स्थित केंद्रीय विद्यालय में प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में नामांकन बढ़ाने, शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा संसाधनों के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक से पहले जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर छात्रों से उनके करियर लक्ष्यों पर भी चर्चा की।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में 87वें इंटर स्टेट जूनियर व यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टेबल टेनिस खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हेली सेवा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी उड़ान योजना के तहत आज ऊधमसिंह नगर जिले के पंतनगर से नैनीताल के नौकुचियाताल तक हेली सेवा शुरू हो गई है। रुद्रपुर के विधायक शिव अरोरा और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि

हेली सेवा के शुरू होने से जहां पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों की यात्रा, सहज होगी, वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे भविष्य में लोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की विमानन सेवा की सहूलियत मिलेगी।

यह हेली सेवा रविवार को छोड़कर सप्ताह में प्रतिदिन संचालित होगी।

स्वास्थ्य विभाग अभियान

हरिद्वार जिले में मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने घर पर होने वाले प्रसव के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में आज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर के नेतृत्व में बहादराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आज औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2025—26 में दर्ज कुल 449 घर प्रसवों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि कई मामलों में शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कुछ क्षेत्रीय दाइयों द्वारा घर पर प्रसव कराए जा रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। जांच के दौरान उन 18 दाइयों को चिन्हित किया गया, जिनके क्षेत्रों में सबसे अधिक घर पर प्रसव दर्ज हुए। चिन्हित दाइयों को बाद में बहादराबाद कोतवाली में बुलाया गया, जहां उन्हें भविष्य में घर प्रसव न कराने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि नियमों का उल्लंघन जारी रहा तो उनके खिलाफ दंडात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब पूरे जिले में संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को लगातार जागरूक किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हिमाचल स्थापना दिवस

लोक भवन में आज हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देहरादून के संस्थानों में अध्ययनरत हिमाचल प्रदेश राज्य के छात्र—छात्राओं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। छात्र—छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उपस्थित लोगों को हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस का आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की विविधता को समझने और उसे आत्मसात करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि "एक भारत—श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।